कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397
पत्रांक – 4083 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 28-2- 2022.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद– बागेश्वर में बिलखेत गैराड– भैरूचौबट्ठा मोटर मार्ग के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0. FP/UK/ROAD/10596/2015.

संदर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून की पत्र सं0 08 बी / यू0सी0पी0 / 06 / 148 / 2015 / एफ0सी0 / 2601 दिनांक 17.02.2020।

महोदय,

विषयगत मोटर मार्ग के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का प्रतिउत्तर जो प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर के पत्रांक 2741 / 12–1 दिनांक 19.01.2022 से प्राप्त हुई है कि तीन हॉर्ड कॉपियां बन्द लिफॉफे में प्रेषित की जा रही है। प्रस्ताव ऑन लाईन से प्रेषित करने की कार्यवाही पृथक से की जा रही है।

**संलग्न– प्रतिउत्तर की हॉर्ड कॉपी तीन प्रतियों में।**

भवदीय

(प्रवीण कुमार)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249
वन मित्र काल सेंटर– 9208008000

पत्रांक 2741 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 19 / 01 / 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड अल्मोड़ा।

विषय – जनपद बागेश्वर में बिलखेत–गैराड–भैरूचौबटठा मोटर मार्ग का विस्तार मोटर मार्ग निर्माण हेतु (प्रस्ताव संख्या–10596/2015)

सन्दर्भ– ऑनलाईन लगाये गई आपत्ति के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है, कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तियां लगायी गयी है प्रस्तावक विभाग द्वारा बिन्दुवार निराकरण कर प्रस्ताव अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| बिन्दु स0 1 | बिन्दु सं0 02 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार द्वारा प्रेषित क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र 5.94 है0 के स्थान पर 4.90 है0 पाया गया है। सी0ए0 क्षेत्र के डी0एस0एस0 विश्लेषण के अनुसार यह क्षेत्र किसी अन्य प्रस्ताव के साथ अतिव्यापी (Overlapping with proposal no FP/UK/ROAD/15673/2015 & FP/UK/ROAD/15675/2015) पाया गया है। अतः राज्य सरकार इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा उक्त प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन पंचायत नौकोड़ी में 5.94 है0 भूमि का संधोधित मैप तैयार कर ऑनलाइन अपलोड कर प्रेषित किया जा रहा है। संलग्न – क्षतिपूरक वृक्षारोपण मैप, उपयोगिता प्रमाण पत्र, सी0ए0 योजना प्राकलन। |
| 2 | बिन्दु सं0 03 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार प्रस्तावित ग्राम को दोनों छोर से जोड़ने के बजाय निकटतम बिन्दु से जोड सकती है। अतः राज्य सरकार तदानुसार प्रस्ताव को पुनरीक्षित कर प्रस्तुत करे। | प्रस्ताव विभाग द्वारा बिन्दु सं0 3 के प्रतिउत्तर में अवगत कराया गया है कि ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व सर्वे में ही मोटर मार्ग का निर्माण करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। दूसरे छोर से ग्रामीणों की नापभूमि अधिक प्रभावित हो रही है। (छायाप्रति संलग्न) |
| 3 | प्रस्ताव की मूल प्रति प्राप्त नहीं हुई है। | प्रस्ताव विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व में वन भूमि प्रस्ताव की 3 प्रतियॉ प्रेषित कर दी गयी थी। जिसकी छायाप्रति संलग्न है। कार्यालय पत्रांक सं0 100/2ई0 दिनांक 17.01.2018 द्वारा पुनः मैप एवं एफ0आर0ए0 के प्रपत्र नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित कर दिये गये थे। |

भवदीय,

(हिमांशु बागरी)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d kapkot .docx"